No. of Printed Pages : 4

ई.एच.डी.-8

01058

स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

जून, 2010

ऐच्छिक पाठ्यक्रम : हिन्दी

ई.एच.डी.-8 : प्रयोजनमूलक हिन्दी

समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

नोट : *इस प्रश्नपत्र में तीन खण्ड हैं। खण्ड '**क**' से **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिये। खण्ड '**ख**' से **चार** भागों के उत्तर दीजिये। खण्ड '**ग**' **अनिवार्य** है।*

खण्ड 'क'

*निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 500 शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए।* **2x20=40**

1. आधुनिक युग में जनसंचार माध्यमों के विविध रूपों की जानकारी देते हुए उनकी उपयोगिता पर प्रकाश डालिए।

2. कार्यालयी हिन्दी के प्रमुख प्रकार्यों की संक्षिप्त जानकारी देते हुए उसके महत्व को समझाइए।

3. हिन्दी की भाषिक व्यवस्था से आप क्या समझते हैं? मौखिक भाषा और लिखित भाषा की परस्पर सम्बद्धता के बारे में प्रकाश डालिए।

4. पारिभाषिक शब्दावली के स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए प्रयोजनमूलक हिन्दी के क्षेत्र में उसके महत्व का निर्देशन कीजिए।

5. सामान्य हिन्दी, साहित्यिक हिन्दी और प्रयोजनमूलक हिन्दी का अंत:संबंध स्पष्ट कीजिए।

खण्ड-ख

6. निम्नलिखित में से ***किन्हीं चार*** पर लगभग *250* शब्दों में टिप्पणियाँ लिखिए : **4x10=40**

   (क) राजभाषा समितियाँ।

   (ख) पर्याय निर्धारण और उसकी स्थितियाँ।

   (ग) समाचार लेखन के सिद्धांत।

   (घ) जन संचार के क्षेत्र में हिन्दी।

   (ङ) पारिभाषिक शब्दावली निर्माण के सिद्धान्त।

   (च) प्रयोजनमूलक हिन्दी समस्याएँ और संभावनाएँ।

   (छ) भाषा का आधुनिकीकरण।

खण्ड-ग

*इस खण्ड के **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।*

7. निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग *50* शब्दों में दीजिए : **5x2=10**

   (क) लिपि और वर्तनी का संबंध

   (ख) विधि की भाषा हिन्दी

   (ग) विज्ञापन का अर्थ

   (घ) अर्ध-तकनीकी शब्द

   (ङ) सार लेखन

8. निम्नलिखित में से ***सही*** अथवा ***गलत*** कथन का उल्लेख कीजिए : **3x1=3**

   (क) अनुवाद के माध्यम से शब्द ग्रहण करना अनुकूलन कहा जाता है। (सही/गलत)

   (ख) कार्यवृत्त में बैठक की कार्यवाहियों का विवरण होता है। (सही/गलत)

   (ग) विज्ञापनों और समाचारों की भाषा समान होती है। (सही/गलत)

9. सही शब्द चुनकर वाक्य पूरे कीजिए : **3x1=3**

   (क) हिन्दी प्रशिक्षण योजना का उद्देश्य __________ देना है।

   (हिन्दी में उपाधि/हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान)

(ख) मानकीकरण का एक और अभिलक्षण __________ है।

(जड़ता/लचीली स्थिरता)

(ग) सामान्यतया सरकारी कार्यालयों में __________ टिप्पणियों का अधिक प्रयोग किया जाता है।

(नेमी/अन्तर्विभागीय/सामान्य)

10. निम्नलिखित शब्दों के हिन्दी पर्याय बताइए : **4x1=4**

(क) Accountant

(ख) Agreement

(ग) Circular

(घ) Ordinance